Roll No. ....

D–3084

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2020

(New Course)

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : प्रत्येक 7

(क) "दस-दस, बीस-बीस रुपये कमाने वाले क्लर्कों को देखता हूँ, जो सड़ी हुई कोठरियों में पशुओं की भाँति जीवन काटते हैं, जिन्हें सबेरे का जलपान तक मयस्सर नहीं होता, उन पर भी गहनों की सनक सवार रहती है। इस प्रथा से हमारा सर्वनाश होता जा रहा है। मैं तो कहता हूँ यह गुलामी पराधीनता से कहीं बढ़कर है। इसके कारण हमारा कितना आत्मिक, नैतिक, दैहिक, आर्थिक और धार्मिक पतन हो रहा है, इसका अनुमान ब्रह्मा भी नहीं कर सकते।"

अथवा

"हथकड़ियाँ यह शब्द तीर की भाँति रमा की छाती में लगा। वह सिर से पाँव तक काँप उठा। उस विपत्ति की कल्पना करके उसकी आँखें डबडबा आयीं। वह धीरे-धीरे सिर झुकाये सजा पाये

हुए कैदी की भाँति जाकर अपनी कुर्सी पर बैठ गया, पर वह भयंकर शब्द बीच-बीच में उसके हृदय में गूँज जाता था। आकाश पर काली घटायें छायी थीं। सूर्य का कहीं पता न था। क्या वह भी उस घटा रूपी कारागार में बन्द है ? क्या उसके हाथों में भी हथकड़ियाँ हैं ?"

(ख) "ज्यों-ज्यों अँधेरा बढ़ता था और सितारों की चमक तेज होती थी, मधुशाला की रौनक भी बढ़ती जाती थी। कोई गाता था, कोई डींग मारता था, कोई अपने संगी के गले में लिपटा जाता था। कोई अपने दोस्त के मुँह में कुल्हड़ लगाये देता थां। वहाँ के वातावरण में सरूर था, हवा में नशा, कितने तो यहाँ आकर एक चुल्लू में मस्त हो जाते थे। शराब से ज्यादा यहाँ की हवा उन पर नशा करती थी। जीवन की बाधाएँ यहाँ खींच लाती थीं और कुछ देर के लिए वे यह भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं या न जीते हैं, न मरते हैं।"

अथवा

"चम्पा! मैं ईश्वर को नहीं मानता, मैं पाप को नहीं मानता, मैं दया को नहीं समझ सकता, मैं उस लोक में विश्वास नहीं करता पर मुझे अपने हृदय में एक दुर्बल अंश पर श्रद्धा ले चली है। तुम न जाने कैसे बहकी हुई तारिका के समान मेरे शून्य में उदित हो गई हो। आलोक की एक कोमल रेखा इस निबिक तम में मुस्कुराने लगी है। पशु बल और धन के उपासक के मन में किसी शांत और कांत कामना की हँसी खिलखिलाने लगी, पर मैं न हँस सका।"

(ग) "द्वार पर खड़ी भीड़ ने देखा—लड़कियाँ, औरतें परदे के दूसरी ओर घटती घटना के आतंक से आँगन के बीचों-बीच इकट्ठी हो

खड़ी काँप रही थीं। सहसा परदा हट जाने से औरतें ऐसे सिकुड़ गईं, जैसे उनके शरीर का वस्त्र खींच लिया गया हो। वह परदा ही घर भर की औरतों के शरीर का वस्त्र था। उनके शरीर पर बचे चीथड़े उनके एक-तिहाई अंग ढकने में असमर्थ थे। जाहिल भीड़ ने घृणा और शर्म से आँखें फेर लीं।”

अथवा

“एक कामयाब पार्टी वह है जिसमें ड्रिंक कामयाबी से चल जाये। शामनाथ की पार्टी सफलता के शिखर चूमने लगी। वार्तालाप उसी रौ में बह रहा था, जिस रौ में गिलास भरे जा रहे थे। कहीं कोई रुकावट न थी, कोई अड़चन न थी। साहब को व्हिस्की पसन्द आई थी। उनकी पत्नी को सोफा-कवर का डिजाइन पसंद आया, कमरे की सजावट पसन्द आई थी। इससे बढ़कर क्या चाहिए।”

2. ‘गबन’ उपन्यास के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। 12

अथवा

‘गबन’ उपन्यास की कथावस्तु का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

3. ‘कफन’ कहानी की समीक्षा कहानी के तत्वों के आधार पर कीजिए। 12

अथवा

‘चीफ की दावत’ **अथवा** ‘जली हुई रस्सी’ कहानी का सारांश लिखिए।

4. निम्नलिखित के लघु उत्तर दीजिए : 15

(i) हिन्दी कहानी के विकासक्रम को समय-सीमा सहित बताइए।

अथवा

कहानी प्रमुख तत्वों के नाम बताइए।

(ii) हिन्दी उपन्यास के इतिहास के विकासक्रम को बताइए।

अथवा

हिन्दी उपन्यास के प्रमुख तत्वों के नाम बताइए।

(iii) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’ की रचनाएँ बताइए।

अथवा

‘अश्क’ की कहानियों की विशेषताएँ बताइए।

(iv) बाल शौरि रेड्डी की कोई **तीन** कहानियाँ बताइए।

अथवा

बाल शौरि रेड्डी का अनुवाद कार्य लिखिए।

(v) शिवानी के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

अथवा

शिवानी की **तीन** रचनाएँ बताइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) ‘जोहरा’ किस उपन्यास की पात्र है ?

(ii) ‘चीफ की दावत’ के रचनाकार कौन हैं ?

(iii) भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी पर आधारित कहानी का नाम बताइए।

(iv) हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(v) अपने पाठ्यक्रम की आंचलिक कहानी का नाम लिखिए।

(vi) ‘गदल’ कहानी में गदल के बेटे का नाम क्या है ?

(vii) प्रेमचन्द के किन्हीं **दो** उपन्यासों का नाम लिखिए।

(viii) हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम लिखिए।

(ix) ‘घीसू’ किस कहानी का पात्र है ?

(x) चौधरी पीरबख्श किस कहानी के पात्र हैं ?

(xi) 'जली हुई रस्सी' कहानी के लेखक का नाम बताइए।

(xii) बाल शौरि रेड्डी की प्रथम प्रकाशित पुस्तक का नाम लिखिए।

(xiii) 'आकाशदीप' कहानी के नायक का नाम लिखिए।

(xiv) 'ठेस' कहानी में ठेस किसको लगती है ?

(xv) 'गबन' की नायिका का नाम बताइए।

(xvi) शिवानी कहाँ की रहने वाली है ?

(xvii) 'अश्क' का जन्मस्थान बताइए।

(xviii) 'आपकी पाठ्यपुस्तक में कितनी कहानी संकलित हैं ?

(xix) द्रुत पाठ हेतु संकलित किन्हीं **दो** रचनाकारों के नाम लिखिए।

(xx) 'गबन' की प्रमुख समस्या क्या है ?